वर्ग-5　　　　विषय – हिन्दी लैंग्वेज　　　　दिनांक-04/05/2020

पाठ-1 (भाषा, लिपि और व्याकरण)

1. सोच कर उत्तर दीजिए-

क) भाषा किसे कहते हैं?

उत्तर) " भाषा वह साधन है, जिसके माध्यम से हम सोचते हैं, तथा अपने विचारों को व्यक्त करते हैं "।

साधारण शब्दों में- "जब हम अपने विचारों को लिखकर या बोलकर प्रकट करते हैं और दूसरे के विचारों को सुनकर या पढ़कर ग्रहण करते हैं, तो उसे भाषा कहते हैं "।

भाषा शब्द संस्कृत की " भाष " धातु से लिया गया है, जिसका अर्थ है- " बोलना "।

ख) भाषा में कौन-कौन से चार कौशल होते हैं?

उत्तर) भाषा के चार कौशल हैं – सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना।

2. सोचकर लिखिए-

क) मौखिक और लिखित भाषा का अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर) मौखिक भाषा- जो भाषा आपस में बातचीत करते समय प्रयोग की जाती है, उसको कथित भाषा या मौखिक भाषा कहते हैं। जब हम अपने विचारों को बोलकर या सुनकर व्यक्त करते हैं तो उसे मौखिक भाषा कहते हैं।

लिखित भाषा- जो भाषा लिखने और पढ़ने में प्रयोग की जाती है उसको लिखित भाषा कहते हैं। जब हम दूर बैठे किसी व्यक्ति से अपनी बातें लिखकर व्यक्त करते हैं, तो उसे लिखित भाषा कहते हैं।

ख) लिपि और बोली का अंतर स्पष्ट कीजिए तथा हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, उर्दू भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए।

उत्तर) लिपी- किसी भाषा को लिखने के लिए जिन चीजों की जरूरत होती है उन चिन्हों को लिपि कहते हैं। लिपि भाषा का लिखित रूप होता है। इसके माध्यम से मौखिक रूप की ध्वनियों को लिखकर प्रकट किया जाता है। सारी भाषाओं के लिखने की लिपि अलग होती है।

बोली- किसी भी भाषा को क्षेत्रीय रूप में बोला जाता है वह बोली कहलाता है। यह केवल मौखिक होता है। हर जगह लोग अपनी - अपनी बोली बोलते हैं। बोली सब जगह अलग- अलग होती है। बोली से हम अपने विचारों और शब्दों को एक दूसरे के साथ व्यक्त कर सकते हैं।

ग) व्याकरण क्यों पढ़ाया जाता है?

उत्तर) व्याकरण किसी की भाषा के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसके द्वारा हम भाषा के स्वरूप को भलीभांति जान पाते हैं भाषा में हो रही अशुद्धियों का ज्ञान हमें व्याकरण ही कराता है।

अर्थात - व्याकरण वह शास्त्र है, जो हमें भाषा को शुद्ध रूप से बोलना, पढ़ना और लिखना सिखाता है।

3. सही वाक्य के सामने सही तथा गलत के सामने गलत का चिन्ह लगाएं-

क) भोजपुरी एक बोली है। - सही

ख) हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। - सही

ग) हमारे संविधान में 18 भाषाओं को मान्यता दी गई है। गलत

घ) मराठी की लिपि रोमन है। गलत

ङ) हिंदी को राजभाषा के रूप में सन 1950 में मान्यता दी गई थी। गलत

4 मिलान कीजिए –

	लिपि	भाषा
1.	उड़िया	उड़िया
2.	तमिल	तमिल
3.	कन्नड़	कन्नड़
4.	संस्कृत	देवनागरी
5.	पंजाबी	गुरमुखी
6.	फारसी	उर्दू
7.	फारसी	फारस

5. कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

क) लिखकर अभिव्यक्त करना भाषा का लिखित रूप है।

ख) हमारी राजभाषा हिंदी है।

ग) व्याकरण भाषा की शुद्धता के नियम सिखाता है।

घ) प्रत्येक भाषा की अपनी लिपि होती है।

ङ) मराठी गुजराती की लिपि देवनागरी है।

गृह कार्य –

1. पाठ से ‘ आओ दोहराए ‘ को याद करें।

2. अभ्यास संख्या (1 से 5) तक अपनी कॉपी पर सुंदर अक्षरों में लिखें।